







# न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट

## रात का तापमान 6 डिसे गिरकर 11 पर पहुंचा, 100 वर्ष पूर्व 6.1 डिसे रहा था न्यूनतम तापमान

नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में ही न्यूनतम तापमान में तेजी के साथ गिरावट देखने को मिल रही है. बीती रात का न्यूनतम तापमान 6 डिसे गिरकर 11 पर आ गया. जो कि अब तक का सबसे कम है. वहीं 100 वर्ष पूर्व 20 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 6.1 डिसे पर रहा था.**



स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस माह के जलवायु लक्षण में दक्षिण पश्चिम मानसून के समाप्त हो जाने के बाद मौसम के सामान्यत: शांत होता है. इस माह में आकाश सामान्यत: साफ या हल्के बादलों से घिरा दिखाई देता है. अक्टूबर माह के समान उमस महसूस नहीं होती है. रात्रि के तापमान में गिरावट देखने को मिलती है. मानसून की आर्द्र हवाओं की जगह उत्तरी हवाएं ले लेती हैं. सुबह सामान्यत: सुहावनी एवं शांत होती हैं, उत्तरी भारत से होकर जाने वाली पश्चिमी विक्षोवों के प्रभाव से सागर में कभी-कभी तेज बौछारें भी देखने को मिल सकती हैं. मौसम विभाग के अनुसार इस माह का अधिकतम तापमान 29.8 डिसे और न्यूनतम तापमान 16.4 डिसे के आसपास ही रहता है. पिछले 10 वर्षों के अधिकृत डाटा पर नजर डाली जाए तो न्यूनतम तापमान 5 वर्ष पूर्व 2020 में 10.5 और पिछले वर्ष ही 10.3 पर पहुंच गया था. तो वहीं शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि में न्यूनतम तापमान 11.6 डिसे पर पहुंच गया जो कि सामान्य से 6 कम है. तो वहीं दिन का अधिकतम तापमान 28.9 डिसे पर रहा जो सामान्य से 2 कम है. सुबह-शाम की आर्द्रता का प्रतिशत 66 और 43 रहा है.

जानकारी के अनुसार 20 नवम्बर 1926 को सागर में न्यूनतम तापमान 6.1 डिसे दर्ज किया गया था. पिछले कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी था, एक दिन पूर्व ही रात का न्यूनतम तापमान 14.2 और 16.4 डिसे पर पहुंच गया था. दोपहर में सूर्यदेवता के पर्याप्त दर्शन हो जाने के कारण ठंड का अहसास कम हो रहा है मगर रात में तो सर्दी महसूस हो रही है.

## लापता युवक का टैंक से शव बरामद हुआ

**सागर.** गोपालगंज थाना अंतर्गत लाजपतपुरा वार्ड से पिछले सात दिन से लापता एक युवक का शव आज जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित सैप्टिक टैंक से बरामद किया गया है. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लाजपतपुरा वार्ड स्थित पुरानी डफरिन अस्पताल के पीछे हाथी खाना स्कूल निवासी वसीम हुसैन पिता इंतजार हुसैन उम्र 42 वर्ष एक नवंबर की रात्रि स्कूटी से सामान लेने के लिए घर से बाहर गया था. जो कि देर रात्रि तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने मोबाइल पर संर्पक भी किया तो मोबाइल बंद आ रहा था. जिसकी गुमशुदगी गोपालगंज थाने में दर्ज कराई गई. आज शनिवार को वसीम शव तिली अस्पताल के पीछे स्थित सैप्टिक टैंक से बरामद किया गया.

# अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान बहसबाजी

## नपा ने 17 दुकानों से 20 हजार का जुर्माना वसूला, सामान भी जप्त किया

नवभारत न्यूज

**बीना 8 नवम्बर. शहर में नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. नगर पालिका कार्यालय में अतिक्रमण हटाने टीम एकजुट हुई, जिसके बाद टीम ने गांधी तिराहे की ओर गई.**



अभियान के दौरान फुटपाथों और सड़कों पर रखे सामान को जब्त किया गया और संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया. यह अभियान गांधी चौराहा, महावीर चौक, स्टेशन रोड और सर्वोदय चौराहा क्षेत्रों में चलाया गया. नगर पालिका टीम ने गुरुद्वारा से स्टेशन रोड की ओर बढ़ते हुए दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया. तहसील कार्यालय के पास भी कई दुकानदारों ने सड़क पर सामान फैला रखा था, जिस पर पालिका ने सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला. नपा टीम ने 20 हजार जुर्माना वसूला कार्रवाई के दौरान गांधी चौराहा, मून होटल के पास और सर्वोदय चौराहा पर कुछ दुकानदारों के साथ बहस भी हुई, हालांकि, नगर पालिका की टीम ने बिना किसी दबाव में आए अपना अभियान जारी रखा. इस पूरे अभियान में लगभग 20,000 का जुर्माना वसूला गया और 17 दुकानों से सामान जब्त किया गया. इस अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव सहित नगर पालिका का पूरा अमला मौजूद रहा. अधिकारियों ने बताया कि शहर में नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई जारी रहेगी, इसका उद्देश्य यातायात को सुचारू रखना और लोगों को आवागमन में होने वाली दिक्कतों को दूर करना है.

### एक नजर में



## पंचकल्याणक में सीएम को आमंत्रण दिया

**सागर.** बीटीआईआरटी परिसर, सिरोंजा में अध्यात्मयोगी चर्या शिरोमणि विशुद्ध सागर महामुनिराज ससंघ के सान्निध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव होने जा रहा है .महोत्सव को सपन्न कराने का पुण्यार्जन सिंघई सुरेंद्र कुमार संतोष कुमार जैन घड़ी , शैलेंद्र सिंघई , डॉ. सत्येन्द्र जैन ,संदीप जैन को प्राप्त हुआ है . मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करने के लिए संतोष घड़ी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया के साथ मुलाकात की और आमंत्रण पत्रिका सौंपी .



## नवनिर्वाचित युकां पदाधिकारियों का स्वागत

**सागर.** युवक कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के परिणाम आने के बाद निर्वाचित हुए पदाधिकारी का स्वागत कांग्रेस के पूर्व जिला शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने किया. जिले में सर्वाधिक मत प्राप्त कर अक्षय दुबे प्रदेश सचिव,आदित्य चौधरी जिला उपाध्यक्ष, कमल प्रताप गौड़ नरयावली विधानसभा उपाध्यक्ष, सत्यम अहिरवार भगवानगंज ब्लॉक अध्यक्ष, अनिमेष शर्मा सिविल लाइन ब्लॉक अध्यक्ष, रितेश विश्वकर्मा बड़ा बाजार ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए .बधाई देने वालों में शाहरुख खान,नैतिक चौधरी, आयुष पटेरिया,रितेश रोहित,सत्यम रोहित, मनीष नगेले, धनंजय चौधरी,पवन अहिरवार,शिवा अहिरवार आदि उपस्थित थे .



## थाने में महिला डेस्क में पदस्थापना कराई जाए

**गौरझामर.** नारी जागृति समिति ने थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया है . ज्ञापन में बताया गया कि महिला डेक्स में महिला आरक्षकों का होना कितना अनिवार्य है, बढ़ते अपराधों में बच्चियों और महिलाओं को बहुत परेशानी हो रही है, जिससे महिला थाने में आकर अपने प्रकरण महिला को आरक्षण को बता सकती हैं. ज्ञापन में कहा गया कि थाने में कम से कम चार महिला होना अनिवार्य है. बताया गया कि बच्चों के पेपर भी आ रहे हैं, स्कूल में भी आने-जाने में और आसपास गतिविधियों में अपराधों को महिला पुलिस निगरानी जरूरी है. इस दौरान समिति अध्यक्ष अर्चना लोध, सदस्य मीना प्रजापति, मोना विश्वकर्मा, मुस्कान चौरसिया, क्रांति लोधी, रजनी विश्वकर्मा, पूनम महक, राशि, आनंदी, मनीष सेन, लीला पटेल आदि उपस्थित थीं.



## बीएमसी में हुआ एक दिवसीय सीएमई का आयोजन

**सागर.** बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय में फोरेन्सिक मेडिसिन एवं ट्रॉसकोलॉजी विभाग द्वारा एक दिवसीय सीएमई का आयोजन किया गया. अधिष्ठाता डॉ पीएस ठाकुर द्वारा बीएमसी के चिकित्सकों एवं स्नातकोत्तर छात्रों को मेडिकोलीगल प्रकरणों की पेंचीदगियों एवं कानूनी पहलुओं की बारीकियों की जानकारी दी गई. विभागाध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र पटेल द्वारा एमसीसीडी फॉर्म के महत्त्व को समझाया. निरीक्षक डॉ प्रियमवदा कुर्वेती की देख रेख में सीएमई की कार्रवाई संचालित की गई.

# पटाखों के भंडारण पर कार्रवाई





नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. कलेक्टर संदीप जी.आर. के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी रहवासी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण एवं वितरण नहीं होना चाहिए, जिसकी परिप्रेक्ष्य में लगातार मॉनिटरिंग की जाए.**

एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर के मार्गदर्शन में तहसीलदार रमेश दुबे के द्वारा कार्रवाई की गई. नगर गढ़ाकोटा में रहवासी क्षेत्र में अवैध पटाखा भंडारण के 05 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 03 स्थानों पर अवैध पटाखे बरामद किए गए. जब्ती कार्रवाई तहसीलदार गढ़ाकोटा एवं थाना प्रभारी गढ़ाकोटा, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई.

# नक्शे से अतिरिक्त निर्माण कार्य हटाया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. सभी नागरिक नगर निगम से पास नक्शे के मुताबिक ही अपना भवन आदि निर्माण कराएं और उसी के अनुरुप जगह का उपयोग सुनिश्चित करें.**

उक्त बात निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने डिंपल पेट्रोल पम्प के पास बनी चार मंजिला इमारत की भवन अनुग्या, नक्शा आदि चैक करते हुए कही. उन्होंने उक्त इमारत के सभी दस्तावेज देखे और टेप से भवन की नाप करायी. भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की जगह हैंडलूम की दुकान देखकर उक्त भवन स्वामी को लेंड यूज़ नक्शे के अनुसार करें.



निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि नक्शे के अनुसार इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग बनना थी और यहां कामर्शियल दुकान का उपयोग किया जा रहा है इसे बदले अन्यथा की स्थिति में नक्शा केंसिल कर दिया जायेगा. उन्होंने राधा तिराहा से डिम्पल पेट्रोल पम्प तक सड़क चौड़ीकरण में बाधक भवन की दीवार व अन्य कच्चे निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटवाया. उन्होंने कहा कि सागर शहर के रहवासी शहर में कहीं भी अतिक्रमण कर कच्चा पक्का निर्माण न करें .इसके साथ ही निगमायुक्त ने संजय ड्राइव रोड पहुंचकर ट्रैफ़िक पार्क के पास झलकरी बाई की मूर्ति स्थापित करने हेतु निर्माणधीन प्लेटफार्म की प्रगति देखी.

## सिविल अस्पताल की बाउंड्रीवाल स्वीकृत

**बंडा.** विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार के प्रयासों से सिविल अस्पताल में 61 लाख की लागत से बाउंड्रीवॉल स्वीकृत हो गई है. बाउंड्रीवॉल की स्वीकृति पर विधायक को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया है. बधाई व आभार व्यक्त करने वालों में रूपेश रोशन खरे, योगेश दुबे, नितेश जैन नैनधरा, सूरज सिंह पड़वार, भैयाराम भरतपुर, पुष्पेंद्र सिंह छापरी, काशीराम यादव, विवेक मिश्रा, राकेश जैन बमाना, संयम जैन आदि शामिल हैं.

# व्यक्तित्व विकास संवर्धन सर्टिफिकेट कोर्स

नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. शासकीय कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे व्यक्तित्व विकास संवर्धन सर्टीफिकेट कोर्स में छात्राओं को संबोधित करते हुए लीगल राईट्स काउंसिल की प्रदेश अध्यक्ष अनुश्री शैलेंद्र जैन ने आत्मविश्वास को व्यक्तित्व का मूलमंत्र बताया.**

श्रीमती जैन ने छात्राओं का आव्हान किया कि परिश्रम, समर्पण, एकाग्रता के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है.



कोर्स समन्वयक डॉ. पद्मा आचार्य ने बताया कि इस सर्टीफिकेट कोर्स में 518 छात्राओं ने पंजीयन कराया है. मुख्य वक्ता अनुश्री जैन के साथ जनभागीदारी अध्यक्ष मनीषा विनय मिश्रा, सदस्य प्रासुक जैन, प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने छात्राओं से रूबरू चर्चा भी की. इस अवसर पर मेघा दुबे, श्रीमती स्वाति हलवे, श्रीमती प्रीति शर्मा, श्रीमती रूपा राज श्रीमती निशा शिंदे उपस्थित रहीं. डॉ. रश्मि मलैया, डॉ. अंजना नेमा, डॉ. गुलाबवती पटेल,डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. अल्का पुष्पा निशा, सोनल सोनी, पारूल पटेल, काजल पटेल, सीता विश्वकर्मा, श्रीमती वंदनी जैन का सक्रिय सहयोग रहा. सत्र के अंत में डॉ. रश्मि मलैया द्वारा आभार व्यक्त किया गया.



## ट्रांसफर पर एसडीओ को दी गई विदाई

**बंडा.** लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी बाई. के. नामदेव के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि, डीसीराय, एस एस ठाकुर, हरिनारायण आठिया, अनिल गर्ग, संजय चतुर्वेदी सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे.

# कुंए में गिरे किसान की मौत

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 8 नवम्बर. थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम ऐरा निवासी किसान की खेत पर काम करते समय कुंए में गिरने से घायल हो गया. घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान किसान को मृत घोषित कर दिया.**

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुये किसान के कुंए में गिरने के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है. बताया जा रहा है कि ऐरा निवासी किसान राजू पुत्र धनीराम खेत में काम कर रहा था. अज्ञात कारणों के चलते वह खेत पर काम करते हुये कुंए में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी.

## नाबालिग लापता

**ललितपुर.** चौकी नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है. बताया कि 15 वर्षीय पुत्री घर से मौसी के घर जाने की बात कहकर निकली थी, रोहिणी न मौसी के घर पहुंची और न ही घर लौटकर आयी है. परिजनों ने उसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, रिश्तेदारों के खोजबीन की.





# एडिना में राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. भारत सरकार की परमाणु ऊर्जा विभाग के तत्वाधान में एडिना फार्मेसी कॉलेज में अस्पताल एवं सामुदायिक फार्मेसी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि संजय जैन, अध्यक्ष मप्र फार्मेसी काउंसिल एवं विशिष्ट अतिथि राजू त्रिवेदी उपाध्यक्ष, डॉ प्रमेंद्र सिंह ठाकुर डीन बीएमसी एवं डॉ संजय जैन फार्मेसी विभाग डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय रहे. विषय विशेषज्ञ डॉ. ऋषि पालीवाल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का फार्मेसी में महत्व एवं उपयोगिता की विषय में बतलाया. डॉ अमरनाथ गुप्ता ने बीमारियों की रोकथाम एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य समस्याओं की समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला. संस्था के डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन, चेयरमैन राजेश जैन ने संस्था में निरंतर हो रहे शोध कार्यों फार्मेसी शिक्षा की गुणवत्ता एवं योगदान के बारे में बतलाया. संगोष्ठी में इंजी. रोहित जैन, सुयश जैन,हर्षिता जैन, मंशा जैन, डॉ. अंशुमन शुक्ला, डॉ. विवेक जैन, डॉ.रूपेश जैन मौजूद रहे.

# जागरुकता के साथ मनाया रेडियोग्राफी दिवस

नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. आईएमएएवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेडियोग्राफी दिवस को जिला चिकित्सालय में उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया.**

यह वैश्विक दिवस हर वर्ष मनाया जाता है, ताकि रेडियोलॉजी, विकिरण चिकित्सा और रेडियोग्राफर्स की अमूल्य भूमिका को सम्मान दिया जा सके. कार्यक्रम के मुख्य सत्र में रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पुण्य प्रताप ने बताया कि रेडियोलॉजी की बदौलत लगभग 80 प्रतिशत बीमारियों - जैसे कैंसर, हृदय रोग या हड्डी के फ्रैक्चर को प्रारंभिक अवस्था में ही पकड़ा जा सकता है, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि रेडियोलॉजी आज के आधुनिक निदान की रीढ़ है, रेडियोग्राफर्स प्रतिदिन जोखिम लेकर मरीजों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं.



डॉ. तल्दा साद ने बताया कि एक छाती का सीटी स्कैन लगभग 150 एक्स-रे के बराबर रेडिएशन देता है, इसलिए सावधानी और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है. आईएमए के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.एम. सिरोठिया ने रेडियोग्राफर्स को साइलेंट हीरोज की संज्ञा दी. कार्यक्रम में आईएमए सचिव डॉ. रोशी जैन, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. राजेंद्र जैन, डॉ. सुजाता, डॉ. अमित जैन, डॉ अभिषेक ठाकुर, डॉ. प्रिंस जैन सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति रही. सभी ने मिलकर रेडियोग्राफी के महत्व पर चर्चा की और रेडियोग्राफर्स को सम्मानित किया. अंत में सिविल सर्जन डॉ. आर. एस. जयंत ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया.

### सागर मौसम

अधिकतम 28.9 (-2)
न्यूनतम 11.6 (-6)
आर्द्रता :
सुबह-शाम 66/43
कुल बारिश : 47.9 मि.मी.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रविराज शुक्ला अगरिया तहसील जैसीनगर जिला सागर म.प्र. का निवासी हूँ। मेरे पुत्र अर्पित शुक्ला के शाला में दाखिला के दौरान दाखिला रजिस्ट्रर में माँ के नाम के कॉलम में सीमा शुक्ला दर्ज हो गया था, जो कि गलत है। जबकि मेरी पत्नी का सही एवं पूर्ण नाम राशि शुक्ला है जो कि समस्त दस्तावेजों, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पेन कार्ड, बैंक पासबुक में दर्ज है। जो कि सही है। अत: मेरे पुत्र अर्पित के शैक्षणिक दस्तावेज में माँ का सही नाम राशि शुक्ला दर्ज किया जावे एवं पढ़ा जावे।

रविराज शुक्ला
अगरिया तहसील
जैसीनगर जिला सागर म.प्र.

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार हरविलास कोरी वल्द रामसेवक कोरी निवासी सूबेदार वार्ड, सागर तह.व जिला सागर ने पुष्पेन्द्र पटैल वल्द बाला प्रसाद पटैल निवासी सूबेदार वार्ड, सागर तह. व जिला सागर से एक मकान नं. 94/6, मौजा सागर खास, पटवारी हल्का नं. 65, रा.नि.मं. सागर-1, नगर पालिक निगम सागर, अंदर आबादी, वार्ड नं.39, सूबेदार वार्ड सागर तह. व जिला सागर क्षेत्रफल 1733 वर्गफुट है, को बैनामा दिनांक 27.02.2024 ई.पंजीयन न. एम.पी.33712024ए1250187 क्रय किया था जिसकी दिशायें पूर्व में-कालू जैन का मकान एंव खुली जगह, पश्चिम में - रोड एंव पटैल की जगह, हरविलास का मकान, उत्तर में- अशोक जैन का मकान, दक्षिण में - मनोज जैन एंव मनोज यादव का मकान है, मेरे पक्षकार द्वारा बैनामा दिनांक 27.02.2024 से क्रय की गयी सम्पति को बंधक रखकर,HDB Financial services LTD. sagar से ऋण लिया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति संस्था निकाय को मेरे पक्षकार द्वारा HDB Financial services LTD. sagar से ऋण लेने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह प्रकाशन के तीन दिवस के अंदर मेरे कार्यालय जो कि 5/18 स्नेह नगर कॉलोनी शिवाजी वार्ड स्तुति मैरिज गार्डन के सामने गोपालगंज तह. व जिला सागर (म.प्र.) है में उपस्थित होकर आपत्ति से संबंधित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करें तीन दिवस की अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

सागर/दिनांक :

सूचनाकर्ता
जलज सोनी एडव्होकेट
सिविल कोर्ट सागर (म.प्र.)
कार्यालय- 5/18 स्नेह नगर कॉलोनी गोपालगंज
तह. व जिला सागर (म.प्र.)मो. नं. 9407542513


# बीएमसी में नेत्र प्रत्यारोपण से महिला पुरुष को मिली रोशनी

नवभारत न्यूज

**सागर 8 नवम्बर. नेत्र दान श्रेष्ठ दान है जो मरणोपरांत कोर्निया का दान होता है एवं जो विभिन्न हादसों एवं चोट के कारण ,पुतली की बीमारी के कारण जो लोग आंखों की नजर गंवा देते हैं, उन लोगों के लिए नेत्र प्रत्यारोपण द्वारा उनके जीवन में उजाला लाया जा सकता है.**



बीएमसी में जहां पहला लाभार्थी जो सागर के ग्रामीण इलाके में किसान परिवार से आता है. लाभार्थी की उम्र 46 वर्ष है, जिनकी किसी बीमारी के कारण एक आंख से छोटी उम्र से दिखाई नहीं देता था एवं उसकी दूसरी आंख में कोर्नियल अल्सर के कारण 15 वर्ष से दिखाई देना बंद हो गया. बीएमसी के मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने जानकारी दी कि लाभार्थी ने आई बैंक नेत्र रोग विभाग में नेत्र प्रत्यारोपण हेतु रजिस्ट्रेशन कराया था, उसकी जिस आंख की पुतली खराब थी, चिकित्सकों द्वारा नेत्र प्रत्यारोपण द्वारा पुतली बदली गई,जिसके कारण उसके जीवन में अंधेरे से उजाला लौट आया. लाभार्थी अब खुश है और आनंद महसूस कर रहा है, इसी प्रकार एक दूसरा लाभार्थी है जो महिला है, सागर से ही है, जिन्हें एक आंख से बचपन से दिखाई नहीं देता था,एवं दूसरी आंख से दुर्घटना के कारण पुतली में चोट के कारण, सफेदी होने के कारण दिखाई देना बंद हो गया.

लाभार्थी ने बीएमसी नेत्र रोग विभाग में संपर्क कर, ईलाज लिया एवं नेत्र प्रत्यारोपण हेतु रजिस्ट्रेशन कराया. चिकित्सकों ने बताया कि कुछ दिन पहले समाजसेवी द्वारा जीते जी, उनके परिजनों से नेत्र दान की इच्छा जताई, जिनके मरणोपरांत कोर्निया का दान परिजनों की सहमति से नेत्र रोग विभाग आई बैंक को मिला था. नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है एवं नेत्र दान स्वैच्छिक, मरणोपरांत कोर्निया का दान है.

## बरारु में दीपावली मिलन समारोह आज

**सागर.** ग्राम पंचायत बरारू में 9 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सरपंच प्रतिनिधि गब्बर पटेल एवं पटकुई सरपंच विशाल गुरु के द्वारा किया जा रहा है. कार्यक्रम में दिवारी नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को वीरेंद्र पटेल की तरफ से शील्ड एवं नगद पुरुस्कार राशि प्रथम-25000 रू,द्वितीय-15000रू-तृतीय -11000रु एवं संतावना पुरस्कार 1100रु प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा. लोकगीत गायक राजू पटेल एवं ज्योति पटेल के द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी जाएगी.